अर्द्धवार्षिक परीक्षा–2021–22
कक्षा – बारहवीं
व्यवसाय अध्ययन

समय– 3 घण्टे | पूर्णांक 80

निर्देश–

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है–
2. प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं।
3. प्रश्न क्र 6 से 15 तक 2 अंक एवं शब्द सीमा 30 शब्द हैं।
4. प्रश्न क्र. 16 से 19 तक 3 अंक एवं शब्द सीमा 75 शब्द हैं।
5. प्रश्न क्र. 20 से 23 तक 4 अंक एवं शब्द सीमा 120 शब्द हैं।

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – **1 × 6 = 6**

1. "प्रबंध वही है, जो प्रबंध का कार्य करता है।" उक्त परिभाषा दी गई है –
   अ. किम्बॉल एवं किम्बॉल   ब. हेनरी फेयोल
   स. लुईस मेलन   द. पीटर एफ ड्रकर
2. समय अध्ययन का सम्बन्ध है –
   अ. प्रयोगों का सिद्धान्त   ब. कार्यानुमान का सिद्धांत
   स. प्रमापीकरण   द. फोरमेनशीप
3. निम्नलिखित का योजना से सबंध नहीं है –
   अ. बजट   ब. कार्यक्रम
   स. कार्यविधि   द. अभिप्रेरणा
4. दीर्घकालीन कोष से सम्मिलित नही है –
   अ. समता अंश   ब. लाभांश
   स. पूर्वाधिकार   द. दीर्घकालिक ऋण
5. निम्नलिखित में से कौन सा निर्देशन का तत्व नहीं है–
   अ. अभिप्रेरण   ब. सम्प्रेषण
   स. हस्तांतरण   द. पर्यवेक्षण
6. कर्मचारी का चयन किया जाता है –
   अ. व्यक्तित्व का परीक्षण   ब. बुद्धि परीक्षण
   स. रूझान परीक्षण   द. उपर्युक्त सभी

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– **1 × 7 = 7**

क. नियोजन प्रबन्ध का .... कार्य हैं।

ख. प्रबन्ध के .... स्तर होते हैं।

ग. दीर्घकालीन वित्त नियोजन ....वर्ष या अधिक के लिए होता है।

घ. चालू सम्पत्तियों का योग..........पूँजी कहलाती है।

ङ. वास्तविक प्रगति एवं ....के अन्तर को विचलन कहते हैं।

च पदोन्निति ....अभिप्रेरण का प्रकार है।

https://www.mpboardonline.com

छ 'डेविस के अनुसार' संगठन मूलतः.........का एक समूह है।

प्र.3 सही जोड़ियां बनाइये– **1 × 6 = 6**

क. वित्तीय प्रबन्ध	1. बजट
ख. न लाभ न हानि	2. सामान्य प्रबन्ध का एक भाग
ग. मानक लागत लेखांकन	3. प्रभावपूर्ण नियन्त्रण
घ. विभागीय संरचना	4. लागत लेखांकन
ङ कार्यात्मक संरचना	5. सम–विच्छे बिन्दु
च. पूर्वानुमान	6. उत्पादों पर आधारित

प्र.4 निम्नलिखित का एक वाक्य में उत्तर दीजिए– **1 × 7 = 7**

क. अधीनस्थ को कार्य सौंपने को क्या कहते हैं ?

ख. वैश्वीकरण क्या है ?

ग. भारत में अपनायी जाने वाली आर्थिक प्रणाली का नाम क्या है ?

घ. प्रबन्ध के सिद्धान्त कहाँ–कहाँ लागू होते हैं ?

ङ विभेदात्मक मजदूरी पद्धति का प्रतिपादन किसने किया था ?

च. व्यवसाय जिसमें विशिष्ट ज्ञान की आवश्यकता होती है, कहते हैं।

छ. विपणन प्रबन्ध, प्रबन्ध का कौन सा स्तर है ?

प्र.5 निम्नलिखित का सत्य अथवा असत्य में उत्तर दीजिए– **1 × 6 = 6**

क. प्रबन्ध के सिद्धान्त गतिशील नही होते हैं।

ख. पूँजी व्यवसाय का 'जीवन–रक्त' है।

ग. पूँजी संरचना का आशय स्थायी पूँजी से है।

घ. निदेशन, अभिप्रेरणा का एक तत्व है।

ङ निदेशन सदैव परिणाम से सम्बन्धित होता है।

च नियंत्रण द्वारा अनुशासन की स्थापना होती है।

प्र. क्र. 6 "प्रबन्ध" का आशय स्पष्ट कीजिए। (2)

अथवा

प्रबन्ध की किन्हीं दो विशेषताओं को लिखिए।

प्र. क्र. 7 वैज्ञानिक प्रबन्ध से क्या आशय है ? (2)

अथवा

'मानसिक क्रान्ति' से आपका क्या आशय है ?

प्र. क्र. 8 'नियोजन' की परिभाषा लिखिए ? (2)

अथवा

नियोजन के उद्देश्य लिखिए। (कोई 2)

https://www.mpboardonline.com

प्र. क्र. 9 अधिकार अन्तरण की परिभाषा लिखिए। (2)

अथवा

रेखा संगठन की विशेषताओं को लिखिये (कोई 2)

प्र. क्र. 10 'प्रत्यक्ष भर्ती' को समझाइये। (2)

अथवा

'कार्य पर प्रशिक्षण' से आपका क्या अभिप्राय है।

प्र. क्र. 11 निर्देशन के तत्वों के नाम लिखिये। (2)

अथवा

नेतृत्व से क्या आशय है ?

प्र. क्र. 12 वित्तीय नियोजन के दो उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए। (2)

अथवा

'वित्तीय प्रबन्ध' से आशय स्पष्ट कीजिए।

प्र. क्र. 13 नियन्त्रण से क्या आशय है ? (2)

अथवा

"अपवाद द्वारा प्रबन्ध" से क्या आशय है ?

प्र. क्र. 14 पर्यवेक्षण की विशेषताएँ लिखिये। (2)

अथवा

औपचारिक सम्प्रेषण क्या है ? समझाइए।

प्र. क्र. 15 "प्रबन्ध एक पेशा है"। स्पष्ट कीजिए। (2)

अथवा

"नवप्रवर्तन से क्या आशय है ?

प्र. क्र. 16 "प्रबन्ध विज्ञान है।" स्पष्ट कीजिए। (3)

अथवा

प्रबन्ध एवं प्रशासन के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्र. क्र. 17 फेयोल द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों के नाम लिखिए (कोई 6) (3)

अथवा

किन्हीं तीन बिन्दुओं को समझाइए, जो प्रबन्ध के सिद्धांतों की प्रकृति को प्रकट करते हैं।

प्र. क्र. 18 नई आर्थिक नीति को समझाइए। (3)

अथवा

विमुद्रीकरण के लाभों को समझाइए।

प्र. क्र. 19 नियम एवं नीति में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (3)

अथवा

निम्नलिखित को समझाइए

अ. बजट ब. कार्यक्रम

प्र. क्र. 20 औपचारिक संगठन एवं अनौपचारिक संगठन में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (4)

अथवा

https://www.mpboardonline.com

संगठन के उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।

प्र. क्र. 21 एक सुदृढ़ अभिप्रेरण प्रणाली के तत्वों का वर्णन कीजिए। (4)

अथवा

एक अच्छे पर्यवेक्षक के गुणों को समझाइये।

प्र. क्र. 22 नियन्त्रण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों का संक्षेप में उल्लेख कीजिए। (4)

अथवा

लागत नियन्त्रण एवं किस्म नियन्त्रण को समझाइये।

प्र. क्र 23 वित्तीय प्रबन्ध का महत्व बताइए। (4)

अथवा

स्थायी पूंजी की मात्रा को प्रभावित करने वाले घटकों को लिखिये।

---00---

https://www.mpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भैजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.mpboardonline.com